बीआरआईसी
बायोटेक्नोलॉजी विभाग का संगठन
BRIC
a DBT Organization

राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान
National Institute of Immunology

# ब्रिक-राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान

**(भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)**

**अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067**

यूआरएल :http://www.nii.res.in

## शैक्षणिक वर्ष 2026-27 (मानसून-सत्र) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु

ब्रिक-राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान (ब्रिक-रा.प्र.सं.) पीएचडी कार्यक्रम के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान के दायरे में निम्नलिखित व्यापक अंतरविषयक क्षेत्र सम्मिलित है:- **प्रतिरक्षाविज्ञान, संक्रामक और क्रोनिक रोग जीवविज्ञान, आण्विक और कोशिकीय जीवविज्ञान, रासायनिक जीवविज्ञान, संरचनात्मक जीवविज्ञान, और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी।**

**न्यूनतम योग्यताएं:**

1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में मास्टर डिग्री/चार वर्षीय स्नातक डिग्री या एम.वी.एससी., या बैचलर ऑफ मेडिसिन, बैचलर ऑफ सर्जरी (एम.बी.बी.एस), या क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आर.सी.बी), फरीदाबाद, हरियाणा के मानदंडों के अनुसार समकक्ष योग्यता/डिग्री ।
2. योग्यता परीक्षा में कम से कम 60% कुल अंक या समकक्ष ग्रेड। आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थिय ों(अन्य पिछडा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर, एनसीएल), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, और पीडब्ल्यूडी और ईडब्ल्यूएस (जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की योजना के तहत शामिल नहीं हैं) के लिए कुल अंकों में पांच प्रतिशत की छूट लागू होगी। प्राप्तांकों के प्रतिशत को अगले पूर्णांक मान तक पूर्णांक बनाए जाने की अनुमति नहीं है।
3. अभ्यर्थियों के पास विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), या किसी अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा प्रायोजित वैध 5 वर्षीय डॉक्टरेट फैलोशिप होनी चाहिए। प्रवेश वैध फैलोशिप पर निर्भर करेगा जो 5 वर्षों की अवधि के लिए मान्य हो।
4. वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते उनके पास वैध वर्षीय फैलोशिप हो; उन्हें प्रवेश के समय उपरोक्त अपेक्षाएं संतोषप्रद रूप से पूर्ण करने तक अंतरिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा।
5. सीटों के लिए आरक्षण: अनुसूचित जाति हेतु 15%, अनुसूचित जनजाति हेतु 7.5%, अन्य पिछडा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) हेतु 27% और शारीरिक विकलांगों के लिए 5 प्रतिशत और और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% सांविधिक मानदंडों के अनुसार।

- भारत सरकार के दिशा-निर्देशों/नीति के अनुसार दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए 5% सीटों का आरक्षण क्षैतिज रूप से किया जाएगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वे व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण योजना के अंतर्गत शामिल नहीं हैं, उन्हें प्रवेश में 10% आरक्षण मिलेगा।

**चयन प्रक्रिया:**

1. ब्रिक-रा.प्र.सं. में पीएचडी कार्यक्रम के लिए उम्मीदवारों का **चयन केवल एक ही दौर की ऑफलाइन साक्षात्कार** प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। ऑफलाइन साक्षात्कार ब्रिक-रा.प्र.सं. परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे।
2. साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची 11 मई 2026 को ब्रिक-रा.प्र.सं. की वेबसाइट तथा नोटिस बोर्ड

पर उपलब्ध होगी।

3. साक्षात्कार ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा।
   (i) केवल एक दौर का साक्षात्कार 8 से 12 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।
   (ii) ब्रिक-रा.प्र.सं. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से बाहर के उम्मीदवारों के लिए एक दिन के लिए नाममात्र शुल्क पर आवास की व्यवस्था की जा सकती है।
4. चयनित अभ्यर्थियों को आरसीबी, फरीदाबाद, हरियाणा के साथ शैक्षणिक संबंध में ब्रिक-रा.प्र.सं. के पीएचडी कार्यक्रम के लिए नामांकित किया जाएगा।

**पीएच.डी. कार्यक्रम:**

1. यह कार्यक्रम दिनांक 6 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। प्रयोगशालाओं तथा प्रबंध प्राध्यापकों (थीसिस सुपरवाइजर) का आवंटन अभ्यर्थियों की विषय रूची के अनुसार संकाय सदस्यों के साथ हुई बातचीत एवं पारस्परिक वरीयता के आधार पर दिनांक 10 जुलाई 2026 तक किया जाएगा।
2. सभी अभ्यर्थियों को ब्रिक-रा.प्र.सं. में शामिल होने के तुरंत बाद अपने संबंधित फंडिंग एजेंसी यानी सीएसआईआर, यूजीसी, आईसीएमआर, डीबीटी, से अपनी जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) को सक्रिय करनी होगी।
3. ब्रिक-रा.प्र.सं. एक आवासीय परिसर है और कार्यक्रम में भर्ती होने वाले सभी छात्रों को साझा छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**आवेदन प्रक्रिया:**

1. अभ्यर्थियों को अपना आवेदन केवल ब्रिक-रा.प्र.सं. ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा । आवेदन प्रक्रिया का विवरण http://www.nii.res.in पर उपलब्ध है ।
2. ऑनलाइन आवेदन शुल्क अनारक्षित/ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 600/-रूपये तथा अनुसूचित जाति (एनसीएल)/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी /ईडब्लूएस अभ्यर्थियों के लिए 300/-रूपये (अप्रतिदेय) है।
3. ऑनलाइन आवेदन की सुविधा ब्रिक-रा.प्र.सं. वेबसाइट पर 10 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक तक उपलब्ध रहेगी।
4. ब्रिक-रा.प्र.सं. ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल से संबंधित तकनीकी पूछताछ करने हेतु कृपया **admission@nii.ac.in** पर संपर्क करें ।
5. पात्रता मानदंड या अन्य शैक्षिक मामलों से संबंधित प्रश्नों की पूछताछ करने हेतु कृपया निम्न पर संपर्क करें।
   **टेलीफ़ोन:** 011-26717121 (विस्तार नं. 717/762/662),
   011-26717010 (विस्तार नं. 717/762/662)
   **ईमेल: admission@nii.ac.in**
6. अभ्यर्थी का नाम तथा उसकी जन्म तिथि सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट(10वीं) अथवा समतुल्य प्रमाणपत्र में संबंधित प्रविष्टियों के अनुरूप ही होनी चाहिए।
7. अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दी गई जानकारी सही और सटीक है। यदि किसी भी स्तर पर कोई विसंगति पाई जाती है, तो ब्रिक-रा.प्र.सं. प्रवेश रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**मुख्य तिथि:**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन आरंभ तिथि** | **: 10 अप्रैल 2026** |
| **ऑनलाइन आवेदन समाप्ति तिथि** | **: 30 अप्रैल 2026** |
| **साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की सूची की घोषणा** | **: 11 मई 2026** |
| **ऑफलाइन साक्षात्कार** | **: 8 जून 2026 से 12 जून 2026 तक** |

**आवेदन प्रक्रिया का विवरण वेबसाइट http://www.nii.res.in. पर उपलब्ध है ।**

**योग्यता पूरी करने वाली महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**अंग्रेजी तथा हिंदी विज्ञापन में कोई विसंगति होने पर, अंग्रेजी भाषा को अंतिम माना जाएगा।**